# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, सोमवार, 4 मई 2026


## सुविचार



कीर्ति का नशा शराब के नशे से भी तेज है। शराब छोड़ना आसान है, कीर्ति छोड़ना आसान नहीं।
- सुदर्शन

## बरेली के प्रमुख समाचार


- कैंट में पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी, मारपीट-II
- पंचायती जंग की तैयारी में मोटा माल फूंका, गांवों में दावेदार मायूस-III
- नीट परीक्षा में सिर्फ 2.42 फीसदी अभ्यर्थी ही रहे अनुपस्थित-IV


## सिटी ब्रीफ

### ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से यात्री को वापस मिला पर्स

बरेली, अमृत विचार : काठगोदाम-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस (12092) में यात्रा के दौरान यात्री का कीमती सामान से भरा पर्स नजीबाबाद स्टेशन पर छूट गया। जिसे ट्रेन मैनेजर की सक्रियता से सुरक्षित वापस करा दिया गया। मुरादाबाद मंडल के ट्रेन मैनेजर जीसी शुक्ला को नजीबाबाद स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान के बाद सूचना मिली कि कोच डी-8 में यात्रा कर रहे यात्री का लेडीज पर्स गाड़ी में रह गया है। उन्होंने आरपीएफ कंट्रोल और ऑपरेटिंग कंट्रोल को सूचना दी। गाड़ी के अगले ठहराव हरिद्वार स्टेशन पर पर्स बरामद कर लिया गया। यात्री से वीडियो कॉल के माध्यम से पर्स की पुष्टि कराई गई और आरपीएफ कर्मियों की उपस्थिति में उनके परिजन को पर्स सौंप दिया गया।

### शराब के लिए रुपये न देने पर किया हमला

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर गली नंबर 2 निवासी अर्जुन शर्मा ने बताया कि वह एक मई की शाम कुनाल किराना स्टोर पर दही लेने गए। तभी शनि टंडन वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। न देने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और पत्थर उठाकर अर्जुन के सिर पर मार दिया। जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गया। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शहर में आज

- बरेली बार एसोसिएशन के सदस्य अन्तरिक्ष सक्सेना का मांगों को लेकर धरना बड़ा वकालत खाना पर दोपहर 1:30 से 2:30 तक।
- श्री श्याम श्याम रसिक परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा श्री हरि मंदिर माडल टाउन में शाम 5 से 9 बजे।
- बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 से 11, 12 से 2 व 3 से 5 बजे तक।

# शहर में जाम, प्रमुख चौराहों पर घंटों थमे रहे वाहन

- नीट परीक्षा के चलते सड़कों पर बढ़ा ट्रैफिक, दोपहर व शाम को बिगड़ी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज में नीट देने के बाद अभ्यर्थी बाहर आए तो चौराहे पर जाम लग गया। काफी देर तक वाहन फंसे रहे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) के चलते रविवार को शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। परीक्षा के समय और उसके बाद शहर के कई प्रमुख चौराहों पर लंबा जाम लग गया, जिससे आम लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा।

दोपहर करीब 12 बजे परीक्षा शुरू होने के समय और शाम करीब पांच बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद सड़कों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया। इस कारण सिकलापुर, बरेली कॉलेज गेट, कालीबाड़ी, जीआईसी और श्यामगंज समेत कई प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर वाहन घंटों रेंगते नजर आए। बरेली कॉलेज गेट पर स्थिति और भी खराब रही। यहां भारी भीड़ के बीच यातायात नियंत्रित करने के लिए केवल एक होमगार्ड ही मौजूद दिखा, जिससे व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया। अभिभावकों और परीक्षार्थियों के वाहनों की अधिक संख्या के कारण सड़कों पर जाम के हालात बन गए। जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यवस्था को दुरुस्त करने में ट्रैफिक पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके।

# मानक पूरे नहीं, 47 स्कूली वाहनों के पंजीयन निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- फिटनेस कराने व दस्तावेज पूरे करने पर बहाल होंगे पंजीयन

अमृत विचार : परिवहन विभाग ने मानक पूरे नहीं करने पर जिले में 47 स्कूली वाहनों के पंजीयन निरस्त कर दिए। अफसरों के अनुसार दस्तावेज पूरे होने बाद फिटनेस कराने पर ही पंजीयन बहाल किए जाएंगे। अगर इस दौरान वाहन चलते पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल विभाग ने यूपी स्कूल व्हीकल मॉनिटरिंग पोर्टल पर सभी स्कूलों को अपने वाहनों (बस, वैन, ऑटो) की जानकारी जैसे फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट और ड्राइवर का विवरण ऑनलाइन दर्ज कराने को कहा था। स्कूलों में जाकर वाहनों के दस्तावेज चेक किए गए थे। जिले में कुल 169 स्कूलों के 788 वाहनों को पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया गया। अफसरों की तरफ से निरीक्षण किया गया। जिसमें 47 स्कूली वाहनों के कागज पूरे नहीं पाए जाने पर उनके पंजीयन निरस्त किए गए। एआरटीओ प्रशासन डा. पीके सरोज ने बताया कि वाहनों का पंजीयन तब तक निरस्त रहेगा, जब तक वह कागज पूरे नहीं कराकर फिटनेस नहीं करा लेते। कहा कि अगर इस दौरान स्कूली वाहन चलते पाए गए तो उनके चालान या सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी वर्कऑर्डर से बांटीं नौकरियां, संस्था पर रिपोर्ट

## कृषि विभाग में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पद पर कीं नियुक्तियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- नियुक्तियों की डाक डीएम कार्यालय पहुंची तो खुला राज
- जिलाधिकारी के निर्देश पर भोजीपुरा थाने में मुकदमा दर्ज

अमृत विचार: कृषि विभाग में किसान रजिस्ट्री और ई-केवाईसी कार्य के नाम पर फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। लखनऊ की संस्था ''राधे कृष्णा इंटरप्राइजेज सहज सुलभ बलराम समिति'' ने कूटरचित दस्तावेजों और कृषि निदेशालय के फर्जी वर्क ऑर्डर के सहारे कई युवाओं को ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के पदों पर तैनात कर दिया। मामला तब खुला जब नियुक्तियों की सूचना डाक के जरिए डीएम तक पहुंची। जांच में पता चला कि विभाग ने ऐसा कोई आदेश कभी जारी ही नहीं किया था। वर्क ऑर्डर पर निदेशक के हस्ताक्षर भी नकली थे। डीएम के निर्देश पर उप कृषि निदेशक ने संस्था के खिलाफ भोजीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।

उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने बताया कि संस्था ने फर्जी शासनादेश का हवाला देकर खुद को कृषि विभाग से अधिकृत बताया असैर आलमपुर जाफराबाद, मीरगंज और सदर तहसील क्षेत्र के ऋषभ पाल, अजय वर्मा, महेशपाल, संतोष कश्यप समेत कई युवाओं को नियुक्त किया था। फर्जीबाड़े को असली रूप देने के लिए संस्था ने रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से योगदान आख्या भी जिलाधिकारी को भेजी थी। विभाग ने जब दस्तावेजों और वर्क ऑर्डर का परीक्षण किया, तो पाया गया कि ऐसा कोई आदेश जारी ही नहीं हुआ था। निदेशक के हस्ताक्षर फर्जी थे। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि 13 अक्टूबर 2025 का कथित शासनादेश पूरी तरह असत्य है और इसकी कोई कानूनी वैधता नहीं है।

# रजिस्टर मिला न रिकॉर्ड, घोटाले की आहट

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- मीरगंज ब्लाक का शासन के निर्देश पर ग्राम्य विकास आयुक्त ने कराया स्पेशल ऑडिट
- तीन सदस्यीय जांच टीम को नहीं मिला खर्च का हिसाब-किताब, एक हफ्ते में आएगी रिपोर्ट
- जांच के बाद अब पंचम वित्त और राज्य वित्त की भारी-भरकम धनराशि पर गहराया सस्पेंस

अमृत विचार: सरकारी बजट में सेंधमारी और कागजी हेरफेर का एक बड़ा मामला मीरगंज ब्लॉक में गहराता जा रहा है। यहां विकास कार्यों के नाम पर खर्च किए गए करोड़ों रुपयों का कोई ठोस हिसाब-किताब सरकारी फाइलों में नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि विभाग के अनिवार्य ग्रांट रजिस्टर ही गायब हैं या फिर उन्हें अधूरा छोड़ दिया गया है। इस गंभीर लापरवाही और संभावित घोटाले की आशंका पर आयुक्त ग्राम विकास ने गहनता के साथ ऑडिट के आदेश जारी किए हैं।

दरअसल, बीते जनवरी माह में संयुक्त विकास आयुक्त देवेंद्र प्रताप को गांव में निरीक्षण के दौरान पता चला कि ग्रांट रजिस्टर भाग-1 और भाग-2 और भाग-3 बनाए ही नहीं गए थे। ग्रांट रजिस्टर भाग-1 में जो पैसा विकास कार्यों के लिए आता है, उसकी एंट्री की जाती है। ग्रांट रजिस्टर भाग-2 में मद के हिसाब से एंट्री की जाती है और ग्रांट रजिस्टर भाग-3 में खर्च का विवरण दर्ज किया जाता है। हैरान करने वाली बात यह है कि बिना यह दर्ज किए कि कितना बजट आया और कहां गया, पंचम वित्त और राज्य वित्त जैसी महत्वपूर्ण निधियों का पैसा धड़ल्ले से खर्च होता रहा। अधिकारी ने इसे सीधे तौर पर वित्तीय नियमों की धज्जियां उड़ान बमाया। इन सभी बिंदुओं को शामिल करते हुए संयुक्त विकास आयुक्त ने जांच रिपोर्ट आयुक्त, ग्राम्य विकास को भेजी। आयुक्त ने गड़बड़ी की आशंका पर स्पेशल ऑडिट टीम से जांच कराने का आदेश दिया। इस पर बीत दिनों गड़बड़ी की परतें खोलने के लिए संयुक्त आयुक्त विकास ने एक बार फिर वित्त एवं लेखाधिकारी की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय ऑडिट टीम गठित की।

जिसने ब्लॉक के समस्त वित्तीय अभिलेखों, कैशबुक और लेजर रजिस्टर का गहन परीक्षण पूरा कर लिया है। टीम को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपनी है। जांच के घेरे में तत्कालीन बीडीओ सहित कई कर्मचारी हैं। रिपोर्ट में यदि वित्तीय अनियमितता या गबन की पुष्टि होती है, तो उत्तरदायी अधिकारियों पर बड़ी गाज गिरना तय है।

> जनवरी की जांच में विकास कार्यों के करोड़ों का हिसाब नहीं मिला था और बार-बार कहने पर भी दस्तावेज नहीं दिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम्य विकास आयुक्त को रिपोर्ट भेजी थी, जिनके आदेश पर अब स्पेशल ऑडिट टीम जांच कर सच सामने लाएगी।
> –**देवेंद्र प्रताप**, संयुक्त विकास आयुक्त

> जनवरी में हुई जांच मेरे कार्यकाल की नहीं है। वर्तमान में आई स्पेशल ऑडिट टीम को हमने सभी ग्रांट रजिस्टर और वित्तीय विवरण उपलब्ध करा दिए हैं। ब्लॉक में विकास कार्य पूरी पारदर्शिता से हुए हैं और कहीं भी कोई विसंगति नहीं है।
> –**राम शंकर सिंह**, बीडीओ मीरगंज

# ग्रीन बेल्ट पर कब्जा करने वालों की खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मास्टर प्लान 2031 लागू होते ही सरकारी जमीनों का मेगा ऑडिट
- फर्जी रजिस्ट्री व अवैध कॉलोनाइजरों पर होगी कार्रवाई, तैयारी शुरू

अमृत विचार : शहर में जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होगी। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रीन बेल्ट, पार्क, नजूल और नदी किनारे की जमीनों का व्यापक ऑडिट अभियान शुरू कर दिया है। इससे भू-माफिया व अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। बीडीए ने मास्टर प्लान 2031 लागू होते ही योजनागत जमीनों को सुरक्षित रखने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। ऐसे सभी भूखंडों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जो कागजों में सार्वजनिक उपयोग के लिए चिह्नित हैं, लेकिन मौके पर उन पर अवैध निर्माण या कब्जा कर लिया गया है।

### बिना अनुमति बसाई जा रहीं कॉलोनियों पर बुलडोजर कार्रवाई होगी

शहर के आउटर एरिया में अवैध कॉलोनियों की बाढ़ को देखते हुए बीडीए ने वहां विशेष निगरानी शुरू कर दी है। बिना अनुमति बसाई जा रही कॉलोनियों पर जल्द ही बुलडोजर कार्रवाई के संकेत भी दिए गए हैं। ऑडिट के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि कहीं जमीन बैंक या किसी विभाग में बंधक (मॉर्टगेज) तो नहीं है। अगर ऐसा पाया गया, तो उसका विवरण भी रजिस्ट्री रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा।

# सिटीजन फीडबैक में प्रदेश में दूसरे नंबर पर बरेली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: स्वच्छता के मोर्चे पर बरेली ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी धाक जमाई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए चल रहे 'सिटीजन फीडबैक' अभियान में बरेली जनपद ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर सबको चौंका दिया है। पहने नंबर पर लखनऊ आया है। बरेली से आगरा, कानपुर और वाराणसी जैसे बड़े महानगर भी पीछे छूट गए हैं। अधिकारियों का कनहा है कि शहर की गलियों से लेकर सोशल मीडिया तक चले जागरूकता अभियानों का असर नतीजों में देखने को मिला है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि इस सफलता की सबसे बड़ी कड़ी बरेली के लोगों का डिजिटल जुड़ाव रहा है। सर्वेक्षण के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश की राजधानी लखनऊ 54,276 फीडबैक के साथ शीर्ष पर काबिज है। जबकि जनपद को कुल 48,956 फीडबैक प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 37,595 लोगों ने 'स्वच्छता ऐप' के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दी। वहीं, 11,361 लोगों ने वेब पोर्टल के माध्यम से फीडबैक साझा किया।

**टॉप-5 जनपदों की स्थिति**

| स्थान | जनपद | कुल फीडबैक काउंट |
|---|---|---|
| पहला | लखनऊ | 54,276 |
| दूसरा | बरेली | 48,956 |
| तीसरा | आगरा | 46,570 |
| चौथा | कानपुर नगर | 44,250 |
| पांचवना | वाराणसी | 37,297 |

- लखनऊ के बाद बरेली का जलवा आगरा-वाराणसी समेत कई महानगर पिछड़े
- 48 हजार से अधिक नागरिकों ने दर्ज कराया फीडबैक, लखनऊ को दे रहा टक्कर
- निगम का दावा-जनता के सहयोग से बरेली को देश के शीर्ष पर ले जाने की तैयारी

# पीएनजी पाइपलाइन से गैस चोरी का भंडाफोड़

## तीन गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में पाइप नेचुरल गैस (पीएनजी) पाइपलाइन से अवैध रूप से गैस चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस संबंध में गैस कंपनी के सीनियर मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड रोहिला सीएनजी स्टेशन के सीनियर मैनेजर जितेंद्र गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम पीरबहोड़ा में कुछ लोगों की ओर से पीएनजी पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर मीटर रेगुलेटर को बायपास करते हुए अवैध रूप से गैस की चोरी की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में सफरुद्दीन निवासी पीरबहोड़ा, मुस्तफा खां उर्फ मुस्ताक खां निवासी पीरबहोड़ा और अनुज सक्सेना निवासी फरीदपुर को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर गैस चोरी में प्रयुक्त पाइप भी बरामद किया गया। सफरुद्दीन ने बताया कि उसका गैस कनेक्शन बिल जमा न होने पर 2-3 वर्ष पहले काट दिया गया था। उसने पड़ोसी मुस्तफा खां के साथ मिलकर अवैध रूप से गैस कनेक्शन जोड़ने की योजना बनाई।

# मनरेगा-पीएमकेएसवाई में खेल शिकायतों के पिटारे पर बैठी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडीएम सिटी सौरभ दुबे कर रहे कई मामलों की जांच
- गड़बड़ी को लेकर कई पर तय मानी जा रही कार्रवाई

अमृत विचार: भूमि संरक्षण विभाग में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) में कराए गए विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं का शोर उठा है। शिकायतों को गंभीरता से लेकर एडीएम ने मामलों की जांच एडीएम सिटी सौरभ दुबे को सौंपी है। जांच के दायरे में अवर अभियंता (जेई), लेखाकार और तत्कालीन अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं।

आरोप है कि अवर अभियंता रामकृष्ण को 17 जून 2025 को कार्यमुक्त कर दिया गया था। उस समय उन्होंने एनआरएम कार्यों की माप पुस्तिका (एमबी) पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। आरोप है कि सितंबर 2025 में पुनः बरेली आकर उन्होंने टीएसी अनुज, हरवंश और वेदपाल से कथित रूप से धन लेकर करीब 80 प्रतिशत कार्यों का सत्यापन कर दिया। सत्यापन उस अवधि में किया गया जब वह पद पर नहीं थे।

ऐसे ही दूसरा मामला अवर अभियंता गीतांजलि आर्य से जुड़ा है, जो जून 2025 से दिसंबर 2025 तक चाइल्ड केयर अवकाश (सीसीएल) पर थीं। आरोप है कि उन्होंने कथित रूप से अवधि में माप पुस्तिकाओं पर हस्ताक्षर कर दिए, जिसे विभागीय नियमों का उल्लंघन बताया गया है। ऐसे ही ईपीए मद के तहत कुल 60 कार्य प्रस्तावित थे, लेकिन लेखाकार संजीव कुमार एवं तत्कालीन भूमि संरक्षण अधिकारी विनोद यादव द्वारा 72 कार्यों का भुगतान कर दिया गया। इसमें स्वीकृति से अधिक भुगतान के आरोप लगे हैं।

### पूर्व अधिकारी ने दिए थे अभिलेख पूर्ण करने के निर्देश

तत्कालीन भूमि संरक्षण अधिकारी संजय सिंह ने पत्र लिखकर कहा था कि अपूर्ण अभिलेखों के कारण उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए गए। उन्होंने लेखाकार एवं परियोजना प्रभारियों को कई बार अभिलेख पूर्ण करने के निर्देश दिए, लेकिन अनुपालन नहीं किया गया। जांच में आरोप साबित हुए तो कई पर गाज गिरना तय है।

> शिकायतों के आधार पर सभी तथ्यों के बारे में गहराई से पता किया जा रहा है। जांच पूरी होने के आगे की कार्रवाई की जाएगी। –**सौरभ दुबे**, एडीएम सिटी

# ट्रांसफार्मर में लगी आग 5 घंटे ठप रही बिजली

- किला समेत कई इलाकों में उपभोक्ताओं को परेशानी से जूझना पड़ा

बरेली, अमृत विचार : किला रेलवे क्रासिंग के पास लगे ट्रांसफार्मर में तेल लीकेज से आग लग गई। पांच घंटे तक आपूर्ति ठप रही। उपभोक्ताओं को परेशानी से जूझना पड़ा। वहीं, शहर के कई इलाकों में ट्रिपिंग, लोकल फॉल्ट व वोल्टेज अप-डाउन के कारण बिजली संकट छाया रहा।

किला फाटक के पास रहने वाले केशव ने बताया कि रविवार दोपहर ट्रांसफर से टपक रहे तेल में आग लग गई। इसकी जानकारी हेल्पडेस्क पर दी गई। इस दौरान अकाउंट आईडी, मोबाइल नंबर, एड्रेस समेत कई सवाल पूछे गए। इस बीच आग ने विकराल रूप ले लिया। उन्होंने सप्लाई बंद कराने को सूचना दी थी, अगर समय से सप्लाई बंद कर दी जाती तो केबल आदि जलने से बच जाते। वहीं सूचना पर पहुंची टीम ने पांच घंटे बाद सप्लाई शुरू की। इसके अलावा कटरा चांद खां, आजाद नगर, राज नगर, नवादा शेखान, जगतपुर, सतीपुर, हरूनगला, रामगंगा नगर, टीपी नगर, किला, गुलाब नगर, सीबीगंज, लोहिया विहार, परसाखेड़ा, स्लीपर रोड समेत अन्य क्षेत्रों में ट्रिपिंग, लोकल फॉल्ट व वोल्टेज हाई व लो के कारण बिजली कटौती हुई। वहीं रामपुर गार्डन, मिशन कंपाउंड और कुतुबखाना उपकेंद्र की भी विद्युत आपूर्ति दोपहर में फॉल्ट के कारण एक घंटे बाधित रही। राजेन्द्रनगर इलाके में भी रविवार शाम आपूर्ति प्रभावित रही।

**कछुआ चाल** | तीन साल में 60 फीसदी पूरा हो सका काम, आठ महीने में प्रोजेक्ट पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं

# बरेली-सितारगंज हाईवे के चौड़ीकरण की रफ्तार सुस्त

- एनएचएआई के परियोजना निदेशक का दावा- समय पर पूरा होगा काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली-सितारगंज हाईवे चौड़ीकरण को लेकर रिठौरा में चल रहा काम।

अमृत विचार : बरेली से उत्तराखंड की राह आसान करने के लिए 71 किलोमीटर लंबे बरेली-पीलीभीत-सितारगंज हाईवे का चौड़ीकरण किया जा रहा है। तीन साल बाद भी निर्माण कार्य अभी तक रफ्तार नहीं पकड़ सका है। 60 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। ऐसे में एनएचएआई और कार्यदायी संस्था के सामने आठ माह में 40 प्रतिशत निर्माण कार्य को पूरा करने किसी चुनौती से कम नहीं है।

एनएचएआई ने 1381 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को दो अलग-अलग चरणों में बांटा गया है। दावा है पहले चरण में बरेली से पीलीभीत तक 32 किमी में 60 फीसदी काम निपट चुका है, जिसे दिसंबर 2026 तक फाइनल कर लिया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में पीलीभीत से सितारगंज तक के 46 किमी लंबे हिस्से में अब तक महज 35 फीसदी प्रगति हुई है। इसको पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2027 रखा गया है। विभागीय अफसरों का कहना है कि अब निर्माण की बाधाएं दूर हो चुकी हैं। इधर, कहा जा रहा है कि हाईवे निर्माण में हुए इस विलंब के पीछे शुरुआती भूमि अधिग्रहण में हुआ घोटाला मुख्य वजह बनकर उभरा है। घपला सामने आने के बाद जांच के फेर में काम महीनों तक ठप रहा।

### एनओसी में महीनों उलझा रहा पेड़ों का कटान

दूसरे चरण में पीलीभीत में भूमि मिलने के बाद भी वन विभाग की एनओसी और पेड़ों के कटान में देरी हुई। पौधरोपण के लिए बजट और जमीन उपलब्ध कराने के महीनों बाद जाकर पेड़ों की कटाई संभव हो सकी थी। एनएनएचएआई के मुताबिक हाईवे बनने पर जगह-जगह डिजिटल डिस्प्ले और संकेतक लगाए जाएंगे। प्रमुख स्थानों पर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं के कारणों का पता किया जा सके।

> मिट्टी की अड़चन दूरी होने के बाद बरेली-सितारगंज हाईवे निर्माण की गति तेज हुई है। बरेली-पीलीभीत का काम तेजी से चल रहा है, दिसंबर 2026 तक इसे हर हाल में पूर्ण करा लिया जाएगा। पीलीभीत-सितारगंज में कुछ अवरोध थे, जिन्हें दूर करवाने के लिए प्रशासन से सहयोग मांगा गया था। इसका निर्माण जनवरी 2027 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।
> **नवरत्न**, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

# कैंट में पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी, मारपीट

## कूचा क्रिकेटर्स की टोली ने खुलेआम उठाया दुश्मन देश का शोर, विरोध करने वाले को दी हत्या की धमकी, गुस्साए हिन्दूवादी

कार्यालय संवाददाता, बरेली/कैंट

**अमृत विचार:** कुछ ही माह पहले उपद्रवव की आग में झुलसे शहर बरेली की फिजां में फिर जहर घोलने की कोशिश की जा रही है। रविवार को सदर कैंट में गरमाने की साजिश की गई। कूचा क्रिकेटरर्स की टोली में शामिल युवकों ने खुलेआम सड़कों पर पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की और विरोध पर मारपीट, गाली-गलौज और हत्या की धमकी भी दी। वीडियो सोशल वीडिया पर वायरल होते ही हिन्दू संगठन गुस्से में आ गए और कार्रवाई का जोरदार तरीके से शोर उठा दिया। पुलिस ने शिकायत पर


नारेबाजी के वीडियो की हो रही जांच।



वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस।

तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

सदर बाजार कैंट में यह घटना रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे की बताई गई है। स्थानीय युवक विकास ने पुलिस को काम से बाजार गया था। अचानक मदारी की पुलिया की ओर से चार पांच बाइक पर आठ-दस लड़के क्रिकेट खेलकर वहां पहुंचे और सबके सामने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिया। वहां मौजूद होने के चलते उसने आरोपियों के इस कृत्य का विरोध किया तो समूह में शामिल इमरान, कासिफ आदि ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। हंगामे-मारपीट के बीच आरोपी धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित विकास की शिकायत पर कैंट पुलिस ने इमरान, कासिफ सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वीडियो वायरल को लेकर हरकत में आए हिन्दू संगठन

पाकिस्तान के समर्थन में नारेबारी का वीडियो कुछ ही देर में वायरल हो गई। जानकारी होते ही हिन्दू संगठन हरकत में आ गए और एक्स पर शिकायतें कर कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने तुरंत ही केस दर्ज कर जांच भी शुरू कर दी।

### क्रिकेटर्स की टोली में थे कई लोग, पुलिस कर रही पहचान

वीडियो पर चार-पांच बाइक पर आठ दस लड़के क्रिकेट किट के साथ जाते हुए दिख रहे है। ऐसे में दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। जबकि एक अज्ञात है। वहीं पुलिस इस वीडियो से और लोगों की भी पहचान कर रही है।

- **शिकायत पर तीन युवकों पर एफआईआर दर्ज**
- **आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिशें जारी**

> सड़क पर खुलेआम पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। - **संजय धीर**, इंस्पेक्टर कैंट

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** कोतवाली हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम हरहरपुर मटकली निवासी संदीप कुमार पुत्र किशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खातों से रुपये निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार 25 अप्रैल की देर रात करीब 1:48 बजे से 1:53 बजे के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा हरहरपुर मटकली और इंडियन बैंक शाखा बिसरख (ग्रेटर नोएडा) स्थित खातों से कुल 5,373 रुपये की अवैध निकासी की गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और बाद में थाना हाफिजगंज में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल प्रवीण सोलंकी ने बताया है कि साइबर टीम की मदद से ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### युवती को बहलाकर ले गया, रिपोर्ट दर्ज

**सीबीगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने युवती को बहलाकर ले जाने के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 1 अप्रैल को करीब तीन बजे किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान गांव का विजय पाल उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि युवती घर में रखे जेवरात भी ले गई। आरोप है कि जब वह आरोपी के घर पहुंचा तो वहां मौजूद छोटे लाल, बड़े लला, देवेश और रामविलास ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में एक युवक की बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई। शिव कुमार पुत्र केसरीलाल निवासी छोटी बिहार, एक शादी समारोह में शामिल होने ग्राम मीरापुर आए थे। उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर गली में लॉक कर खड़ी की और अंदर चले गए। देर रात जब वह बाहर आए तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरु कर दी है।

### कोल्हू में हाथ फंसने से किशोर घायल,

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर में कोल्हू पर काम के दौरान एक किशोर घायल हो गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद इलाज कराने का आश्वासन देने वाला व्यक्ति अब मुकर गया और उल्टा गाली-गलौज व धमकी दे रहा है। जानकारी के मुताबिक, नेमचन्द पुत्र कुवरसेन निवासी ग्राम खरगपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की गांव के ही देवदत्त पुत्र बुद्धसेन का लड़का उसके बेटे करन को बुलाकर अपने कोल्हू पर ले गया। वहां कोल्हू की सफाई के दौरान चल रहे कोल्हू में करन का हाथ फंस गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि देवदत्त ने शुरू में इलाज कराने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में वह इलाज कराने से इंकार कर दिया। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

## युवक पर छेड़छाड़ ब्लैकमेल करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में महिला ने युवक पर छेड़छाड़, ब्लैकमेल व उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने बताया कि संजय नगर का रहने वाला रजनीश उसे काफी समय से परेशान कर रहा है। छेड़छाड़ करता है। विरोध पर उनको जान से मारने की धमकी देता है। आरोपी ने उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालकर उसे बदनाम करने की कोशिश भी की है। धमकियों की वजह से उसका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। उसने पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बेटे ने जेवर के लिए परिवार से की मारपीट

**भमोरा, अमृत विचार :** बेटी की शादी के लिए बनवाए गए जेवर को लेकर बड़े बेटे ने अपनी विधवा मां के साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए छोटे भाई और बुजुर्ग दादा को भी नहीं बख्शा।

देवचरा की गुलस्ता बेगम ने पुलिस को बताया कि पति का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। बेटी की शादी के लिए करीब पांच लाख रुपये के जेवर बनवाए थे, जिन्हें बड़े बेटे और उसकी पत्नी ने अपने पास रख लिया। आरोप है कि जेवर वापस मांगने पर दोनों आए दिन गाली-गलौज करते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। रविवार शाम जब गुलस्ता बेगम ने दोबारा जेवर मांगे तो बड़ा बेटा और बहू आगबबूला हो गए और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उनकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बचाने पहुंचे छोटे बेटे को भी पीटा। इतना ही नहीं, समझाने आए बुजुर्ग दादा के साथ भी हाथापाई की।

## रायपुर हंस कांड में फरीदपुर पुलिस की दातागंज में दबिश, दो लोग हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामगंगा की कटरी में बसे चर्चित गांव रायपुर हंस में हुए इंद्रपाल सिंह हत्याकांड में पुलिस टीमें संदिग्धों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिशें दे रही हैं। खबर है कि पुलिस ने दातागंज में छापेमारी कर हत्यारोपियों से जुड़े दो लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक पक्ष के एक व्यक्ति से भी लंबी पूछताछ की गई है।

घटना के बाद से कई लोग गांव से गायब हैं, जिनकी खोजबीन में टीमें दिन-रात एक किए हैं। हत्याकांड के बाद से गांव में सन्नाटे जैसे हालात पसरे हुए हैं। टकराव की आशंका के चलते फोर्स अभी भी तैनात है।




- **मृतक के भाई से पूछताछ, जांच में जुटी पुलिस**
- **तनाव के चलते तीसरे दिन भी गांव में फोर्स तैनात रहा**

पुलिस की जांच में सामने आया है कि गुरुवार को गांव के चार लोगों के साथ इंद्रपाल का झगड़ा हुआ था। इसके बाद रात में इंद्रपाल की झोंपड़ी में सोते समय कई गोली मारकर हत्या कर दी गई। हालांकि, इंद्रपाल की जान किसने ली, इसे लेकर पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। हालात देखते हुए माना जा रहा है कि हत्याकांड में दो या इससे अधिक लोग शामिल रहे होंगे।

मृतक पक्ष ने हिस्ट्रीशीटर ऋषिपाल सिंह सहित जिन चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है, वे सभी गांव छोड़कर भाग गए थे। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस ने दातागंज क्षेत्र में दबिश देकर हत्यारोपी पक्ष से सम्बंध रखने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया है। इसके अलावा मृतक पक्ष के एक व्यक्ति से भी लंबी पूछताछ कर जरूरी जानकारी जुटाई गई है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस लगातार तैनात चल रही है। अफसरों का कहना है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

## जमीन पर कब्जे के विवाद में आठ पर मुकदमा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** एडीजी के आदेश पर जमीन पर कब्जे के विवाद में आठ लोगों पर केस दर्ज हुआ है। गांव घंसा निवासी शकील ने आरोप लगाया है कि उसके हिस्से की पैतृक जमीन पर उसके चाचा लतीफ खां कब्जा करना चाहते हैं और उसे खेत पर जाने तथा खेती करने से रोका जा रहा है। 28 अप्रैल को वह कचहरी गया था। घर पर उसकी मां खातून और भाई मोमिन मौजूद थे। इसी दौरान चाचा लतीफ खां, शरीफ खां, अयान खां, सोहेल खां, अयाज, अरबाज और लतीफ का साला इमरान घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसकी मां व भाई की पिटाई कर दी। शकील ने बताया कि जब वह घर लौटा तो घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने थाने में तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

## आज एसएसपी से मिलेंगे मौलाना तौसीफ के परिजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उर्स ए ताजुश्शरिया से घर लौट रहे मौलाना तौसीफ की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी, लेकिन अब परिवार के लोगों ने अराजक तत्वों पर मारपीट के बाद ट्रेन से धक्का देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। तौसीफ के परिजन देर शाम बरेली पहुंच गए। वे सोमवार को एआईएमआईएम के पदाधिकारियों के साथ एसएसपी से मिलकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

प्रकरण में प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस ने इस घटना को हादसा माना, लेकिन परिजनों ने तौसीफ के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। घटनाक्रम 27 अप्रैल का है। एसपी सिटी मानुष पारीक के मुताबिक, पालपुर रेलवे फाटक के निकट ट्रैक के पास एक व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की पहचान बिहार के मौलाना तौसीफ रजा के रूप में हुई। परिवार ने हत्या का आरोप लगाया है।

- **देर शाम परिवार पहुंचा बरेली हत्या का लगा रहे हैं आरोप**

### पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने का किया गया ऐलान

**बरेली।** ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा और रजा एकेडमी की ओर से मौलाना सैयद मुईनुद्दीन अशरफ अशरफी जिलानी, सज्जादा नशीन आस्ताना आलिया किछौछा मुक़द्दसा व सदर ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा ने मौलाना तौसीफ रजा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को एक लाख आर्थिक सहायता देने का भी ऐलान किया है।

## फर्जी आईएएस गैंग पर एक और केस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** खुद को आईएएस और एसडीएम बताकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के मामले में तीन बहनों पर एक और आरोप लगा है। इस बार इस ठग गैंग ने बीडीओ की नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख रुपये ठग लिए। सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी विप्रा शर्मा और उसकी दो बहनों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज की है।

टीचर्स कॉलोनी नेकपुर निवासी रामनिवास ने बताया कि उनकी बेटी मनोरमा देवी बीएससी की पढ़ाई करने के दौरान दीक्षा पाठक को जानती थी। 2023 में इंस्टाग्राम के माध्यम से दोबारा दीक्षा पाठक से संपर्क हुआ। तब उसने बताया कि वह बीडीओ बन गई है। उसकी बहन विप्रा शर्मा एसडीएम के पद पर तैनात है। उसने मनोरमा से बहन की मुलाकात कराई और बताया कि वह उसकी भी बीडीओ की नौकरी लगवा देगी। आरोप है कि दीक्षा ने नौकरी लगवाने के


फर्जी एडीएम बनकर ठगी करने वालीं बहनों के रोज नए कारनामे सामने आ रहे।

- **अब तक तीन लोग दर्ज करा चुके हैं शिकायत**
- **ठगी में तीनों बहनों को बारादरी पुलिस भेज चुकी जेल**

नाम पर 21 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद मनोरमा का एक फर्जी नियुक्ति पत्र आया। विवेक का भी एक फर्जी नियुक्ति पत्र 15 मार्च को आ गया। इसके बाद भी विप्रा उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से गुमराह करती रही। 27 अप्रैल को जब वह पकड़ी गई तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने इसकी शिकायत सुभाषनगर पुलिस से की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

बता दें कि सिस्टर गैंग के खुलासे के बाद पीड़ित लोग एक के बार पुलिस के सामने पहुंच रहे हैं और ठगी की पीड़ा बयां कर रहे हैं। आरोपी विप्रा व उसकी बहनों ने कितने ने ही लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। हर पीड़ित से नौकरी के नाम पर लाखों में रकम वसूली गई थी।

## सहेली की शादी में गई युवती लापता

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में सहेली की शादी में गई युवती के लापता हो गई। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर उसे बहलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पीलीभीत की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी बारादरी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। 25 अप्रैल की सुबह वह सहेली की शादी में जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार काफी तलाश के बाद जानकारी मिली कि संजीव कुमार निवासी चंदपुर थाना बीसलपुर अपने परिजनों के साथ मिलकर युवती को बहलाकर साथ ले गया है। आरोप है कि जब परिजन संजीव के घर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- **युवक पर बहलाकर ले जाने का आरोप**

## मीरगंज कांड में पुलिस को मिले अहम सुराग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मीरगंज थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय किशोरी की आत्महत्या मामले में पुलिस जांच ने अहम मोड़ ले लिया है। पुलिस के हाथ मामले को लेकर अहम सुराग लगे हैं। अभी तक शक की शुई 5 लोगों पर घूम रही थीं मगर अब जांच का फोकस एक संदिग्ध पर टिक गया है। पुलिस जल्द ही जल्द ही हैवानियत करने वाले शख्स को बेनकाब कर सकती है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में पुलिस ने पांच संदिग्धों को चिह्नित किया था, जिनमें से एक आरोपी के रूप में सामने आया है। पुलिस अब उसके खिलाफ पुख्ता साक्ष्य जुटाने में जुटी हुई है और डिजिटल व अन्य साक्ष्यों की भी गहन जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि 12 वर्षीय किशोरी के साथ शारीरिक शोषण की घटना हुई थी, जिसके बाद वह गहरे मानसिक तनाव में आ गई थी। इसी तनाव के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। मामले में सबसे अहम बात यह सामने आई है कि यदि किशोरी का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाता, तो आत्महत्या के पीछे की असल वजह का खुलासा नहीं हो पाता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके बाद जांच की दिशा बदल गई और आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिली। अब पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में आक्रोश और गम का माहौल है। परिजन आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एसपी नार्थ अंशिका वर्मा ने बताया कि मामले कुछ लीड मिली है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

- **पांच लोगों संदिग्धों में से अब एक व्यक्ति पर टिकीं निगाहें**
- **पोस्टमार्टम न होता दबकर रह जाता शोषण का सच**

## मां से हाथापाई कर प्रेमी फिर ले गया युवती

**नवाबगंज, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा घर में घुसकर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है। युवक ने युवती की मां के साथ हाथापाई भी की। घटना के चार दिन बाद पीड़ित परिवार की ओर से थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बताया गया कि घटना के समय युवती का पिता किसी रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी और पुत्री मौजूद थीं। इसी दौरान ग्राम सिजौलिया निवासी दीपक दीवार कूदकर घर में घुस आया और युवती की मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि दीपक उनकी पुत्री को जबरन अपने साथ ले गया। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि आरोपी इससे पहले भी उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जिसकी रिपोर्ट पहले ही थाना नवाबगंज में दर्ज कराई जा चुकी है।

अब फिर से मामला सामने आने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## हेट स्पीच दे रहे मौलाना जर्जिश पर कार्रवाई हो: शहाबुद्दीन

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बंगाल चुनाव को लेकर लेकर गलत गलत बयानबाजी कर रहे इटावा के मौलाना जर्जिश के बयान पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई है।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बयान जारी कर कहा कि बंगाल में चुनाव हो चुके हैं। चुनाव आयोग ने पूरी तरह निष्पक्ष प्रक्रिया पूरी कराई है। बंगाल चुनाव को लेकर मौलाना जर्जिश ने जो बयान दिया है, वो उकसाने और भड़काने वाला है। सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के बयानों को हेट स्पीच के दायरे में रखा है। सरकार को तुरंत मौलाना जर्जिश के बयान पर एक्शन लेना चाहिए। बंगाल के चुनाव की काउंटिंग में हम ये उम्मीद रखते हैं कि अमन व शांति कायम रहेगी और इस तरह के बयानों का कोई असर नहीं रहेगा। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि मौलाना जर्जिश गलत बयानबाजी कर माहौल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सुभाषनगर में एयर होस्टेस की रहस्यमय मौत




कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में रामचंद्रपुरम कॉलोनी में रहने वालीं एयर होस्टेस भानुप्रिया (32) की रहस्यमय हालत में मौत हो गई। संदिग्ध हालात में उनका शव घर के अंदर बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर जांच के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है।

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, रामचंद्रपुरम कॉलोनी में रहने वालीं भानुप्रिया शनिवार रात अपने घर लौटी थीं। रविवार सुबह वह संदिग्ध हालात में मृत पाई गईं। सूचना इंस्पेक्टर सुभाषनगर पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड को भी बुला लिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

- **शनिवार रात ही अपने घर लौटकर आई थीं भानुप्रिया**
- **अगले दिन मौत से मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस**
- **पोस्टमार्टम में मौत की वजह सामने नहीं आ सकी**
- **पुलिस बोली- बिसरा जांच से पता लगेगी मौत की बजह**

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला पूरी तरह संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम में भी मृत्यु का कारण सामने नहीं आने पर जांच के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है। आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों से भी पुलिस ने पूछताछ की, मगर कोई कुछ नहीं बता सका।

पुलिस फिलहाल एयर होस्टेस भानुप्रिया की मौत के हर पहलू पर जांच में जुटी है। इंसपेक्टर सुभाषनगर सतीश नैन ने बताया कि पुलिस की जांच जारी है। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### दो माह पहले किया प्रेम विवाह, अब संदिग्ध अवस्था में मौत

**बरेली, अमृत विचार :** दो माह पहले प्रेम विवाह करने वाली युवती की ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला ने फांसी लगाई है। सुभाषनगर के नेकपुर की रहने वाली शालिनी ने सिटी सब्जी मंडी के पास रहने वाले अक्षय दीप से दो माह पहले प्रेम विवाह किया था। शालिनी के भाई सनी ने बताया कि शनिवार को अक्षय दीप ने फोन कर बताया कि शालिनी की तबीयत खराब है। इसकी जानकारी होने पर जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो शालिनी का शव जमीन पर पड़ा था। इसके बाद परिवार ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सनी का आरोप है की शादी के बाद से ही ससुरालवाले दहेज में कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उनकी बहन की हत्या की है। फिलहाल, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

- **नेकपुर की रहने वाली युवती ने अक्षय दीप से की थी शादी, दहेज हत्या का लगाया आरोप**

### सिकलापुर में गिरकर युवक की गई जान मोहल्ले में फैली सुसाइड की अफवाह

**बरेली, अमृत विचार :** पंखा सही करते समय युवक की गिरने से मौत हो गई। वहीं गली में शोर मच गया कि युवक ने फांसी लगाई है। बारादरी क्षेत्र के सिकलापुर निवासी आनंद (35) शनिवार देर रात घर में पंखा ठीक कर रहे थे। इसी बीच वह पंखा समेत नीचे गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उन्हें पास के अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी बीच मोहल्ले में अफवाह फैल गई की आनंद ने फांसी लगा ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आनंद की मौत का कारण सिर में गंभीर चोट लगना बताया गया है। परिजनों का कहना है कि आनंद फर्नीचर का काम करते थे।

## कैफे काउंटर से पर्स चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार:** बाईपास मार्ग स्थित एक कैफे के काउंटर पर रखा पर्स चोरी हो गया। पर्स में नकदी और जरूरी अभिलेख रखे थे। पूरी घटना कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव जवेदा जवेदी निवासी कुलदीप ने बताया कि वह 24 अप्रैल को बाईपास मार्ग पर एक कैफे पर अपने अभिलेख ऑनलाइन कराने गया था। इस दौरान उसने अपना पर्स काउंटर पर रख दिया। कुछ देर बाद वह काम कराकर चला गया, लेकिन उसे ध्यान नहीं रहा कि पर्स वहीं रह गया है।

थोड़ी देर बाद जब उसे पर्स की याद आई तो वह वापस कैफे पहुंचा, लेकिन पर्स वहां नहीं मिला। इसके बाद उसने कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, जिसमें एक युवक काउंटर से उसका पर्स उठाते हुए दिखाई दिया। काफी तलाश के बाद भी पर्स का कोई पता नहीं चला, जिस पर कुलदीप ने थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## रामगंगा नगर में अब दिखेगा विज्ञान व मनोरंजन का संगम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बीडीए की महत्वाकांक्षी रामगंगा नगर आवासीय योजना अब वैज्ञानिक ज्ञान और मनोरंजन के संगम के रूप में उभरने वाली है। योजना के सेक्टर-8 में करीब 19,600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में आधुनिक सुविधाओं से लैस 'साइंस पार्क' विकसित करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

पहले चरण में बीडीए ने लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत से साइंस पार्क में एक्वा पार्क और स्पेस म्यूजियम का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। दावा किया जा रहा है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को ब्रह्मांड के रहस्यों और जल जगत का एक अनूठा अनुभव एक ही परिसर में मिल सकेगा।

बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन. ए ने बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 130 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साइंस पार्क के केंद्र में एक आधुनिक तारामंडल भी होगा, जो करीब तीन हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला होगा। इसके निर्माण के लिए शासन से 50 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वर्तमान में तारामंडल के निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है। कहा कि इस साइंस पार्क का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को विज्ञान के प्रति जागरूक करना भी है। पार्क में छात्रों के लिए विशेष शैक्षणिक गैलरी और प्रायोगिक मॉडल स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिल सके।

रामगंगा नगर आवासीय परियोजना अस्तित्व में आने के बाद से सबका ध्यान अपनी ओर खींच रही है। अब साइंस पार्क पर्यटकों को और ज्यादा लुभाएगा।

- **एक्वा पार्क व स्पेस म्यूजियम का निर्माण शुरू, 130 करोड़ से तैयार हो रहा साइंस पार्क**
- **तीन हजार वर्ग मीटर में बनेगा तारामंडल, बीडीए का दावा- पार्क बनेगा आकर्षण का केंद्र**

## सिटी ब्रीफ

### धर्मवीर सिंह अध्यक्ष व दारा सिंह महासचिव चुने गए

**बरेली, अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित ग्रीन पार्क जन कल्याण समिति में रविवार को नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव अधिकारी पी. के. अग्रवाल के संरक्षण में आयोजित चुनाव में धर्मवीर सिंह को अध्यक्ष, शशिकांत दीक्षित को कोषाध्यक्ष चुना गया। महासचिव पद के कड़े मुकाबले में दारा सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 31 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। अन्य पदों पर शिवेन्द्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष और विजय महेंद्रू सह सचिव के रूप में निर्वाचित हुए। समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### कांग्रेसी शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कांग्रेस महानगर कमेटी के कार्यकर्ता रविवार को लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सुहेल अख्तर अंसारी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की मौजूदगी ने कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बना दिया। बरेली से महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे। प्रेम प्रकाश अग्रवाल, चौधरी असलम, कमर गनी, अयाज खान, सुखविंदर सिंह, पंडित सारस्वत, आमिर अहमद, हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने 92 वाहनों के काटे चालान

**बरेली/रिठौरा, अमृत विचार :** रिठौरा चौकी पुलिस ने रविवार को अतिक्रमण कर लगाए गए फड़, ठेला लगाने वालों के 51 तथा दुपहिया वाहनों के 41 चालान काटे गए। जिससे रेहड़ी–पटरी पर दुकानें सजाने वालों एवं वाहन चालकों में खलबली मच गई। इस दौरान प्रभारी चौकी इंचार्ज आकाश चौधरी एस आई दिनेश कुमार कांस्टेबल भीष्म त्यागी, सौरभ चौधरी, अभिषेक भाटी, दीपक मौजूद रहे।

# महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, सर्वाइकल कैंसर की हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमए, बीओजीएस और वुमेन वेलफेयर कमेटी की ओर से पुलिस लाइन में हुआ कार्यक्रम
- एडीजी, एसएसपी समेत तमाम पुलिस अफसर हुए शामिल चिकित्सकों ने दी जानकारी



डॉ. लता अग्रवाल को सम्मानित करते एडीजी रमित शर्मा। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वामा सारथी, बीओजीएस, आईएमए एवं वुमेन वेलफेयर कमेटी की ओर से महिला कल्याण स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन में रविवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच के महत्व को बताना और विभिन्न स्त्री रोगों एवं स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जानकारी प्रदान करना था।

मुख्य अतिथि एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा रहे। शैक्षणिक सत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए। जिसमें सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं एचपीवी वैक्सीनेशन, मासिक धर्म अनियमितताएं और महिलाओं में एनीमिया प्रमुख रहे। महिलाओं ने इन सत्रों में विशेष रुचि दिखाई और स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जिसमें एलबीसी स्क्रीनिंग के माध्यम से 35 से 45 साल की महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। साथ ही सीबीसी टेस्टिंग द्वारा एनीमिया एवं ब्लड शुगर की जांच भी कराई गई। शिविर में लगभग 80–90 महिलाओं के सीबीसी टेस्ट किए गए।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार और समाज की मजबूती का आधार है। ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ समय पर जांच एवं उपचार को भी प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. लता अग्रवाल, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, डॉ. लतिका अग्रवाल (अध्यक्ष, बीओजीएस), डॉ. अनीता नाथ (सचिव, बीओजीएस), डॉ. अंशु अग्रवाल (सचिव, आईएमए) मौजूद रहे। संचालन में आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. अनुजा सिंह (कोषाध्यक्ष), डॉ. दरख्शान अब्बास (क्लीनिकल सेक्रेटरी), डॉ. रुचि श्रीवास्तव एवं डॉ. आशु सक्सेना (मास्टर ऑफ सेरेमनी) सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।


## साइकिल रैली के जरिये दिया स्वस्थ रहने का संदेश

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत संडे ऑन साइकिल विद अन्नदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साई सेंटर से निकली साइकिल रैली में किसानों और खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन साइकिल चलाने और व्यायाम के लिए प्रेरित करना था। साइकिल रैली धोपेश्वर नाथ मंदिर, मदारी की पुलिया होते हुए दोबारा सेंटर पर आकर समाप्त हुई। केंद्र प्रभारी संदीप मोहन चौधरी, भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री नरेश गंगवार, जिलाध्यक्ष भाकियू अंतरिक्ष पटेल, शेर सिंह पाल मौजूद रहे।

# पंचायती जंग की तैयारी में मोटा माल फूंका, गांवों में दावेदार मायूस

## पंचायत चुनाव टलने के आसार, तैयारी में जुटे लोग अब तक लुटा चुके हैं लाखों रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- मई से जुलाई तक पंचायत प्रतिनिधियों के पद हो रहे खाली-
- जनगणना के चलते इस साल चुनाव की संभावना बेहद कम

**अमृत विचार:** जिले के ग्राम पंचायतों में प्रधानी और प्रमुखी की जंग शुरू होने से पहले ही ठंडी पड़ती नजर आ रही है। चुनाव पर छाई अनिश्चितता की धुंध ने उन दावेदारों को मायूस कर दिया है, जो गांव-गांव अपने पक्ष में माहौल बनाने को दिल खोलकर पैसे फूंक रहे थे। आलम यह है कि जो प्रत्याशी कल तक गांवों की चौपालों पर बजट लुटा रहे थे, वे चुनाव की तारीखों का एलान न होने से मायूस होकर चुनाव टलने की आशंका से डरे हुए हैं।

दरअसल, मई में ही जिले की 1188 ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। वहीं जुलाई आते-आते ब्लॉक प्रमुखों और जिला पंचायत अध्यक्षों का समय भी पूरा हो जाएगा। अधिसूचना में हो रही देरी यह साफ संकेत दे रही है कि अभी चुनाव टलने के हालात हैं। माना जा रहा है कि पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए जाएंगे।

यह खबर उन दावेदारों के लिए किसी झटके से कम नहीं है, जिन्होंने समय से पहले ही अपनी पूरी ताकत और पूंजी के साथ मैदान में उतर चुके थे।

कई दावेदार तो रंग जाने के लिए जल्दी चुनाव की उम्मीद में कर्ज तक उठा चुके थे। अब उनको ब्याज भारी पड़ रहा है। डर है कि कहीं उनका यह भारी-भरकम निवेश चुनाव टलने की भेंट न चढ़ जाए। वहीं, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुधीश पांडेय का कहना है कि सरकार से मांग है कि राजस्थान और उत्तराखंड की तर्ज पर यूपी में प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।

### गांव-गांव विवादों का साया, बढ़ रहीं शिकायतें

बरेली। पंचायत चुनाव की तैयारियों के चलते गांव–गांव विवाद और टकराव के मामले भी सामने आ रहे हैं। जिले में कई जगहों पर प्रधान और पूर्व प्रधान पक्षों के बीच टकराव की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रधानों के खिलाफ गड़बड़ी के आरोप लगाकर पंचायत राज विभाग के पास शिकायतें भी बढ़ रही हैं। कई प्रधानों पर लगे आरोप सही भी पाए जा चुके हैं। पंचायत चुनाव टलने का असर पंचायातों का कैसा दिखेगा, यह आने वाला वक्त बताएगा।

> पंचायत चुनाव की तारीखों का निर्णय शासन और चुनाव आयोग स्तर से होना है। विभाग को अभी तक अधिसूचना के संबंध में कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। मई और जुलाई में कार्यकाल समाप्त होने की स्थिति में नियमानुसार प्रशासकों की नियुक्ति की जाएगी, ताकि विकास कार्य और सरकारी योजनाएं प्रभावित न हों। जहां तक प्रधानों को ही प्रशासक बनाने की मांग का सवाल है, इस पर जो निर्देश मिलेंगे, उसी के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> **– कमल किशोर**, डीपीआरओ

## कार-बाइक की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**बरेली/भमोरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय के पास शनिवार शाम कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

ग्राम पंचायत कुड्डा निवासी हिमांशु यादव पुत्र उमेश यादव सोमवार को शादी है जिसकी तैयारियां चल रही थीं। सोमवार को उसे फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव में बारात लेकर जाना था, जिससे घर में खुशी का माहौल बना हुआ था। लेकिन शनिवार शाम हुए सड़क हादसे ने खुशियों पर पानी फेर दिया। बताया जाता है कि हिमांशु घरेलू सामान लेने के लिए बाइक से भमोरा जा रहा था। इसी दौरान ब्लॉक मुख्यालय के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार से उसकी आमने-सामने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इस हादसे से शादी वाले घर में खुशियां पलभर में गम में बदल गईं।

# एआरटी-एआरएमई का निरीक्षण किया


कर्मियों से जानकारी लेते प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में आपदा प्रबंधन और रेल सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के लिए प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार ने कासगंज स्थित दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी), दुर्घटना राहत चिकित्सा यान (एआरएमई) और रोलिंग स्टॉक डिपो का देर रात तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकरणों की उपलब्धता, रखरखाव प्रणाली और आपात स्थिति में तत्परता की बारीकी से समीक्षा की गई। निरीक्षण में व्यवस्थाएं और अनुरक्षण कार्य संतोषजनक पाए जाने पर कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की गई। रोलिंग स्टॉक डिपो में महिला कक्ष का उद्घाटन भी किया गया। मान्यता प्राप्त यूनियन की ओर से उठाए गए मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (सवारी एवं माल डिब्बा) शुभम कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम) शैलेश कुमार सिंह, सीडीओ कासगंज शिखर दयाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा गलत इतिहास पढ़ाकर समाज में घोल रही जहर : भुल्लर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव ने भाजपा पर साधा जमकर निशाना



सपा के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर का स्वागत करते पार्टी नेता।

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर सामाजिक न्याय यात्रा के दौरान रविवार को शहर पहुंचे। पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा सिखों को आधा-अधूरा इतिहास पढ़ाकर समाज में जहर घोल रही है। भुल्लर ने याद दिलाया कि गुरु गोबिंद सिंह की सुरक्षा में गनी खान, नबी खान और पीर बुद्धू शाह जैसे मुस्लिमों ने बलिदान दिया था, जिसे भाजपा जानबूझकर छिपाती है। उन्होंने कहा कि सिख समाज अब भाजपा की ''फूट डालो और राज करो'' की नीति को समझ चुका है और आने वाले समय में इसका कड़ा जवाब देगा।

भुल्लर ने प्रदेश के तराई क्षेत्रों, विशेषकर लखीमपुर खीरी और पीलीभीत में सिखों की जमीनों का मुद्दा उठाया। जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, विजय पाल सिंह, डॉ. अनीस बेग, दीपक शर्मा, अशोक यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। भुल्लर अस्पताल में भर्ती पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार सुरेंद्र सिंह भाटिया का हालचाल लेने भी पहुंचे।

### पुरवा सुभाषनगर में डॉ. अनीस बेग ने किया सामाजिक न्याय यात्रा का भव्य स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** सपा नेता एवं समाजसेवी अनीस बेग ने पुरवा सुभाषनगर में सिख सामाजिक न्याय यात्रा का भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर एवं जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव एवं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, कैंट विधानसभा प्रभारी राजेश मौर्य, मयंक शुक्ला, आदित्य कश्यप, आदिल, अनिल जौहरी, हरजीत सिंह जौहर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की यात्राएं जागरूकता फैलाने, लोगों को अधिकारों के प्रति सचेत करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करती हैं।

# रिंग रोड : किसानों के खातों में 15 तक आएगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अफसर बोले- 82 प्रतिशत भुगतान पूरा, तकनीकी कारणों से रुकीं कुछ फाइलें

**अमृत विचार :** शहर की महत्वाकांक्षी रिंग रोड परियोजना के मुआवजे को लेकर किसानों में पनप रहे असंतोष पर प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। अमृत विचार में शनिवार के अंक में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 82 प्रतिशत प्रतिकर धनराशि का वितरण किया जा चुका है। दावा किया कि तहसील स्तर से प्रपत्र प्राप्त होने के बाद पोर्टल पर त्वरित गति से कार्यवाही की जा रही है। 15 मई तक सभी अविवादित भू-स्वामियों को भुगतान कर दिया जाएगा। मुआवजे में किसी भी प्रकार की अनियमितता से इनकार करते हुए विभाग ने पूर्ण पारदर्शिता बरतने की बात कही है।

प्रशासन ने किसानों के प्रकरणों पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि ग्राम सरनियां के आसिम के खाते में 28 अप्रैल को ही धनराशि भेजी जा चुकी है। वहीं, ग्राम पस्तौर के मंगली प्रसाद, नत्थू लाल, सोहनलाल और भगीरथ के भुगतान प्रपत्रों पर हस्ताक्षर कर उन्हें ''भूमि राशि पोर्टल'' पर बैंक खाता सत्यापन के लिए अपलोड कर दिया गया है। सत्यापन के तुरंत बाद इन्हें भुगतान की लिमिट जारी कर दी जाएगी। ज्ञान प्रकाश के मामले में बताया कि भुगतान सह-खातेदारों के बीच हिस्से का विवाद होने के कारण लंबित है, जिसके निस्तारण तक स्वयं किसान ने ही भुगतान न करने का अनुरोध किया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रिकॉर्ड की देरी या तकनीकी सत्यापन के कारण कुछ मामलों में विलंब हुआ है, जिसे अब प्राथमिकता पर सुलझाया जा रहा है।

# सुधांशु महाराज के 71वें जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर लगाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल की ओर से रविवार को सुधांशु महाराज का 71 वां जन्मोत्सव पर राजेंद्र नगर स्थित श्री भारत माता मंदिर में मनाया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 23 लोगों ने रक्तदान किया। संयोजक संदीप मेहरा ने बताया कि श्रद्धा और सेवा का यह मेल ही गुरु को सच्ची श्रद्धांजलि है। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। गुलशन आनंद, मधु सक्सेना, प्रियंका मौर्या, राकेश अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, मंजू गोयल, संजय गर्ग, शिवम, महेंद्र पाठक, कृष्ण अरोड़ा, वेद अरोड़ा, नरेंद्र नाथ खुराना, महेंद्र गंगवार, प्रमोद सक्सेना, प्रियंका मौर्य, सुमित्रा गंगवार एवं संजीव अग्रवाल राकेश गुप्ता, गीतेश गुप्ता, रामबाबू अग्रवाल, इंदिरा खंडेलवाल, इंदु गोयल, राजेश कटिया, रमाशंकर पचौरी आदि का सहयोग रहा।



शिविर में रक्तदान करते लोग व मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### शिविर में 29 लोगों ने रक्तदान किया

**बरेली, अमृत विचार :** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में नाथ नगरी रक्तदान सेवा ट्रस्ट (रजि.) एवं श्वेत प्रेम रस के संयुक्त तत्वावधान में गंगाचरण हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ संस्था के संरक्षक सर्वेश वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है। शिविर में 45 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 29 ने रक्तदान किया। गंगाशील चेरिटेबल ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ. नीता अग्रवाल, संदीप सिन्हा, कुलदीप, कमल शर्मा, निवास यादव, दीक्षा यादव, गगन, माधुरी, लव कुमार, स्पर्श पटेल आदि मौजूद रहे।

# कैंप में आंखों की जांच



शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के ख्वाजा कुतुब स्थित मुख्यालय "बैतुर्रजा" पर रविवार को लगे कैंप में 300 से अधिक मरीजों की आंखों की मुफ्त जांच कर दवा वितरित की गई।

नबीरा ए आला हजरत अफरोज मियां कि सरपरस्ती में आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी की सदारत में सुबह 10 बजे कैंप की शुरुआत हुई। शहर, फतेहगंज पश्चिमी, देवरनिया सहित जिले के कई क्षेत्रों के मरीज कैंप में पहुंचे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आफताब आलम और उनकी टीम में शामिल डॉ. नदीम अख्तर, शाहवेज अंसारी और सादिक अंसारी ने मरीजों की जांच की और उनको जरूरी दवाएं दीं। हन्नान रजा, हाफिज इमरान रजा बरकाती, अब्दुल लतीफ कुरैशी, ताज खान, सय्यद शाहनवाज, मुहम्मद जुनैद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरोग्य मेला : बुखार व त्वचा रोगियों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को 81 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ, जिसमें बुखार और त्वचा रोगियों की संख्या अधिक रही। बुखार रोगियों की मलेरिया जांच भी की गई।

अधिकतर अभिभावक अपने बच्चों को खांसी, उल्टी, दस्त, तेज बुखार और पेट दर्द जैसी शिकायतों के साथ लेकर आए। मेले में कुल 3300 से अधिक मरीजों ने परामर्श लिया। बुखार के 450 और त्वचा रोग के 548 मरीज पहुंचे।

बुखार के 32 मरीजों की मलेरिया जांच की गई। डाक्टरों ने बदलते मौसम को देखते हुए लोगों को सजग रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य मेले में लोगों को मलेरिया और डेंगू से बचाव के उपाय भी बताए गए।

आसपास स्वच्छता रखने और जलभराव न होने देने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा विशेष शिविर में पात्रों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।



मरीजों की जांच करते डाक्टर। ● अमृत विचार

- जिले के 81 केंद्रों पर पहुंचे तीन हजार से अधिक मरीज
- बुखार रोगियों की मलेरिया जांच की गई

### डीटीओ ने किया मेला का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत रविवार को सीबीगंज में जिला क्षय रोग अधिकारी इंतजार हुसैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के बारे में जानकारी दी। बताया कि जांच और पूर्ण उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने "टीबी मुक्त पथ" पहल की सराहना करते हुए उस पर हस्ताक्षर भी किए, जो कि यूपीएचसी सीबीगंज में डॉ. मधु गुप्ता के नेतृत्व में संचालित की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों हिरदेश, सरिता, मनमोहन, श्रवण, सरस्वती, रामलली, मीता एवं अमृता के कार्यों की सराहना की।

# इंटक स्थापना दिवस पर श्रमिक एकता का संदेश


केक काटकर जश्न मनाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) का स्थापना दिवस रविवार को इज्जतनगर स्थित कत्था फैक्ट्री के यूनियन कार्यालय में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर संगठन के इतिहास और योगदान को याद किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सतीश मेहता ने कहा कि इंटक की स्थापना 3 मई 1947 को महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में हुई थी। उन्होंने कहा कि संगठन शुरू से ही मजदूरों और गरीबों के हितों के लिए समर्पित रहा है और आगे भी उनकी आवाज बनकर काम करता रहेगा। सुनील कुमार शर्मा, वसीम खान, रोहित कुमार, नवाजिश खान, तमजीद उल्ला खान, अभय कुमार सिंह, सद्दाम, असलम खान, फिरासत खान, अनुपम श्रीवास्तव, फुरकान बेग, शराफत, संजीव मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

### मंडल अध्यक्ष बनने पर रामऔतार का किया स्वागत



बरेली, अमृत विचार : सिंचाई विभाग के इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर रामऔतार गंगवार का कुर्मी क्षत्रिय सभा की कार्यकारिणी की बैठक में स्वागत हुआ। जिलाध्यक्ष केपी सेन गंगवार व उपाध्यक्ष रघुवीर गंगवार ने इसे समाज के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से संगठन को नई दिशा मिलेगी। रामऔतार गंगवार ने सभी का आभार जताया। इस दौरान प्रेम शंकर गंगवार, छत्रपाल सिंह गंगवार, महामंत्री आरसी लाल, मूलचंद गंगवार, मनोज बाबू गंगवार, देश दीपक गंगवार, अरविंद पटेल, डॉ. उग्रसेन गंगवार, युधिष्ठिर प्रसाद गंगवार, वीरेश कुमार गंगवार, तेजपाल, भानु प्रताप, मनोहर लाल, प्रमोद कुमार, भद्रा पाल मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में सिर्फ 2.42 फीसदी अभ्यर्थी ही रहे अनुपस्थित

## 11,532 में से 11,253 अभ्यर्थी हुए शामिल, गहन तलाशी लेने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में दिया प्रवेश, कड़ी निगरानी रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जिले में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2026 का आयोजन रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 25 परीक्षा केंद्रों पर हुआ। कुल 11,532 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 11,253 ने परीक्षा दी, जबकि 279 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अभ्यर्थियों की 97.58 प्रतिशत उपस्थिति रही।

परीक्षा का समय दोपहर 2:00 से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित था, लेकिन कड़ी जांच प्रक्रिया के चलते परीक्षार्थियों का केंद्रों पर पहुंचना सुबह 11:30 बजे से ही शुरू हो गया था। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन तलाशी, मेटल डिटेक्टर से जांच और दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। विष्णु इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, एसवी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज, साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, सीबीगंज इंटर कॉलेज, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एनईआर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नं.1 जेआरसी, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नं. 2 जेएलए, बरेली कॉलेज में ब्लॉक ए, बी, सी, डी, ई सेंटर, बरेली इंटर कॉलेज, गुरु गोबिंद सिंह इंटर कॉलेज, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज रिठौरा, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, पीसी आजाद इंटर कॉलेज बिहारी कला डेलापीर, कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज, गुलाबराय इंटर कॉलेज, एमबी इंटर कॉलेज में परीक्षा हुई। पूरी बांह के कपड़े, ऊंची हील वाले जूते, घड़ियां, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स आदि पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। हर केंद्र पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई।



बरेली कॉलेज में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



केंद्र के बाहर प्रवेश पत्र चेक करते शिक्षक। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र बाहर अभ्यर्थियों गहन तलाशी ली गई। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कमल अकादमी अव्वल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन और बरेली स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से रविवार को बीबीएल स्कूल (अलखनाथ शाखा) में जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिले भर से करीब 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्योरुगी (फाइट) में कमल ताइक्वांडो अकादमी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन आईपीएस सोनाली मिश्रा और प्रधानाचार्य सोमेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सोनाली मिश्रा ने बच्चों को मार्शल आर्ट के महत्व बताया। अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो जैसी विधाओं से जोड़ें। क्योरुगी (फाइट) टीम परिणाम में कमल ताइक्वांडो अकादमी ने प्रथम, स्पार्क ताइक्वांडो अकादमी ने दूसरा, अमित ताइक्वांडो अकादमी तीसरा और डोजो ताइक्वांडो अकादमी चौथा स्थान प्राप्त किया। पूमसे (तकनीकी) टीम में बो स्कूल ऑफ ताइक्वांडो प्रथम, इन्फिनिटी ताइक्वांडो अकादमी द्वितीय और बीएसटी तृतीय स्थान पर रहा। स्कूल टीम वर्ग में जिंगल बेल पब्लिक स्कूल ने पहला, व्यास वर्ल्ड स्कूल ने दूसरा, बीबीएल स्कूल ने तीसरा और दिल्ली पब्लिक स्कूल ने चौथा स्थान प्राप्त किया। पूमसे में सब-जूनियर वर्ग में शौर्य वीर गंगवार और लक्ष्य आर्य ने स्वर्ण पदक जीता। गर्ल्स वर्ग में वात्सल्य सिंह और एशि कोली ने बाजी मारी। पेयर पूमसे में सूरज सिंह बोरा-आयुष कुमार तथा अदिति चौरसिया-भव्या वर्मा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। क्योरुगी (फाइट) के सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्गों में अद्विक, अधिराज सिंह, प्रियांश कुमार, आरव कुमार, अविरल सिंह, यशवर्धन, सांची सिंह, आरिनी दुबे, अक्षिता राठौर, देवांशी, अन्यवय भास्कर, अंकुर यादव, शिवम कुमार, मोहम्मद जावेद आदि ने अपने वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। बीबीएल स्कूल के प्रधानाचार्य श्यामेश शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल मिश्रा, सचिव मोहम्मद अकमल खान, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सहित कोच चंदन, कमल, सूरज राठौर, अवनीत सिंह, साक्षी बोरा, मोहित दिवाकर, सलीम, ललित, रितिक कुमार मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी, कोच व अन्य। ● अमृत विचार

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय तैयार कर रहा नया एकेडमिक मॉडल

● पढ़ाई के साथ खेल को भी दिया जाएगा बढ़ावा
● नए सत्र से बीपीईएस डिग्री कोर्स शुरू कर रहा

बरेली, अमृत विचार : पारंपरिक पढ़ाई के ढांचे से आगे बढ़ते हुए एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय अब ऐसा एकेडमिक मॉडल तैयार कर रहा है। जिसमें खेल को भी उतनी ही अहमियत दी जाएगी, जितनी पढ़ाई को। नई योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्पोर्ट्स कोर्स में डिग्री मिलने के साथ उनको नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने की सहूलियत मिलेगी।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में अपना करियर बनाने वाले छात्रों के लिए बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) डिग्री कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय विभागीय स्तर पर तैयारी कर रहा है। विश्वविद्यालय के खेल विभाग में हाल ही में डॉ. संदीप कुमार की नियुक्ति हुई थी। डॉ. संदीप खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार प्रस्ताव में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के साथ पढ़ाई की डिग्री भी मिलेगी। विश्वविद्यालय में बीपीईएस शुरू होने से शहर के खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स की डिग्री के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पडेग़ा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विनय वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ ही खेलों में नई राह तैयार कर रहा है। नए सत्र से शुरू हो रहे बीपीईएस से छात्रों शारीरिक शिक्षा के वैज्ञानिक पहलुओं के के साथ खेल की बारीकियां भी सीखने को मिलेंगी।



## पर्वतीय समिति की पहल पर हुआ टूटी पुलिया का निर्माण



बरेली, अमृत विचार: सुभाषनगर के विश्वनाथ पुरम कॉलोनी बदायूं रोड की टूटी पुलिया को लेकर पर्वतीय समिति ने शिकायत नगर निगम से की थी, जिसके बाद समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने रविवार को पुलिया का निर्माण कार्य पूरा करा दिया। जिसको लेकर समिति के अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, संरक्षक गिरीश पांडे, योगेश सिंह, मनोज जोशी ने नगर आयुक्त का आभार प्रकट किया।

# मन, बुद्धि के साथ अहंकार पर नियंत्रण जरूरी

● आनंद आश्रम में भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बरेली, अमृत विचार: रामपुर बाग स्थित आंनद आश्रम के सत्संग भवन में आयोजित भागवत कथा में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्वेताभ महाराज ने कहा कि मानव जीवन मिलने पर मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार पर नियंत्रण आवश्यक है। व्यक्ति को अपनी कामनाओं पर संयम रखते हुए ईश्वर भक्ति में लीन रहना चाहिए, तभी जीवन भीतर से सुखमय बन सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन के अंतिम समय में व्यक्ति को अपने कर्मों का आकलन होता है। इसलिए निरंतर आत्मचिंतन जरूरी है। धर्म वही है जो भगवान की भक्ति का मार्ग प्रशस्त करे।

वेद-शास्त्रों की महानता बताते हुए उन्होंने मन को स्थिर रखने और गुरु के महत्व को समझाया। साथ ही गंगा और काशी की आध्यात्मिक महत्ता पर भी प्रकाश डाला तथा भक्तों के प्रश्नों के उत्तर दिए। कथा के दौरान भजनों मेरे रघुनंदन अपना बना ले आदि प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर झूमते नजर आए। सुबह के सत्र में नैमिषारण्य से आए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने भी भागवत कथा पर प्रवचन दिया। आनंद आश्रम संकीर्तन परिवार की ओर से मासिक संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। जिसमें श्याम चलो आओ..., इतना तो करना स्वामी, राधे तेरे चरणों की आदि जैसे भजनों ने वातावरण को कृष्णमय कर दिया। समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, शशिकांत मोदी, सर्वेश, दीपेश खंडेलवाल, अखिल रस्तोगी, दीपक अग्रवाल, राजेश तिवारी, शिवम शुक्ला, मयंक सारस्वत आदि मौजूद रहे।



कथा व्यास श्वेताभ महाराज।

### इंद्र पूजा, महारास व मथुरा गमन प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही भागवत कथा के छठे दिन रविवार को इन्द्र पूजा, महारास, मथुरा गमन, कंस वध और रुक्मिणी मंगल महोत्सव के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास रवि नंदन शास्त्री ने कहा कि इंद्र पूजा प्रसंग हमें प्रकृति के प्रति आस्था और अहंकार त्यागने का संदेश देता है, जहां भगवान कृष्ण ने गोवर्धन की महिमा बताकर इंद्र के अभिमान को तोड़ा। महारास के वर्णन में उन्होंने बताया कि परमात्मा प्रत्येक भक्त के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़ा होता है। मथुरा गमन और कंस वध प्रसंग के दौरान पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि अधर्म और अहंकार का अंत निश्चित है, जबकि धर्म की विजय सदैव होती है। रुक्मिणी मंगल प्रसंग में विवाह को ईश्वर के प्रति समर्पण और प्रेम का उत्सव बताया गया। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहा। यजमानों ने नवग्रह पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




## सिटी डायरी

### 'नाटक श्याम कली का जादू' ने बिखेरा हंसी का जादू



बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम नाटक श्याम कली का जादू का मंचन हुआ। जिसने हंसी का जादू बिखेरा। डॉ. प्रदीप कुमार के लेखन और अमर साह के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को गुदगुदाया। नाटक की कहानी दो किराएदारों विजय और श्याम के इर्द-गिर्द घूमती है, जो किराया न दे पाने की परेशानी से जूझ रहे हैं। इसी बीच विजय, मकान मालिक की बेटी को प्रपोज करने के लिए श्याम को लड़की के रूप में तैयार करता है। हालात तब हास्यपूर्ण मोड़ लेते हैं जब अचानक मकान मालिक के पहुंचने पर श्याम को आंटी बनाकर पेश किया जाता है। इसके बाद घटनाक्रम और भी रोचक हो जाता है। जब मकान मालिक स्वयं आंटी से प्रभावित होने लगता है। आंटी की साड़ी खुलने पर असलियत उजागर होते ही पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठता है। अमर साह, कौशल, सौरभ राय ने अपने अभिनय से खूब तालियां बटोरीं। प्रकाश संचालन प्रियांशु और संगीत संयोजन प्रशांत ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दंत परीक्षण शिविर में 103 मरीजों ने लिया परामर्श



बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन के समीप सरन हॉस्पिटल में तीन दिवसीय दंत परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। पहले दिन 103 मरीजों ने पहुंचकर दांतों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि शिविर में पहुंचने वाले अधिकतर मरीजों में दांतों में कीड़ा लगने की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई है। डॉ. आर्य के अनुसार दांतों की सही देखभाल न करना और समय पर चिकित्सकीय परामर्श न लेना बीमारी को गंभीर बना देता है। बताया कि मरीजों में दांतों में खोखलापन, ठंडा-गरम लगना और लगातार दर्द जैसी समस्याएं अधिक पाई जा रही हैं। कहा कि दिन में कम से कम दो बार ब्रश करना चाहिए। मीठे पदार्थों का सेवन सीमित करना चाहिए। दूध, दही और पनीर जैसे कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना चाहिए। डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि यह शिविर 5 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जा रहा है।

### मिस्टर यूपी चैंपियनशिप में बरेली का दबदबा रहा




बरेली, अमृत विचार : मिस्टर यूपी चैंपियनशिप में बरेली के बॉडीबिल्डरों का दबदबा रहा। चैंपियनशिप अमरोहा के एक होटल में हुई। बरेली के बॉडीबिल्डरों ने स्टार न्यूट्रीशन टीम के कोच अरशद रजा के नेतृत्व में कई वर्गों में पदक जीते। भोजीपुरा के सलीम खान ने 75 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। सलीम ने क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में भी ओवरऑल चैंपियन बनकर दोहरी उपलब्धि हासिल की। 65 किलोग्राम वर्ग में वसीम डिग्रपुर ने गोल्ड मेडल जीतकर बरेली का नाम रोशन किया। 60 किलोग्राम वर्ग में अरहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोच अरशद रजा ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जताई। रिजवान अंसारी, राहिल खान, मुशाहिद खान, अम्मार हुसैन, इमरान खान, मोमिन आदि मौजूद रहे।

आयोजन

भारत विकास परिषद की कार्यशाला में 11 शाखाओं के प्रतिनिधि जुटे

# संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन, सेवा-संस्कार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: भारत विकास परिषद उत्तर मध्य क्षेत्र-1 रुहेलखंड पूर्व प्रांत की कार्यशाला रविवार को रोटरी भवन में हुई। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत की 11 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन किया। सेवा-संस्कार पर जोर दिया गया। इससे पहले कार्यशाला का उद्घाटन राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू ने किया। उन्होंने शाखाओं को वर्षभर की कार्ययोजना पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए सेवा, संस्कार और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

क्षेत्रीय महासचिव राजीव गोयल ने सदस्यता विस्तार के प्रभावी तरीकों पर प्रकाश डाला। आरके गुप्ता ने शाखाओं को वित्तीय प्रबंधन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इसके अलावा सेवा, संस्कार, संपर्क, महिला सहभागिता और पर्यावरण जैसे विषयों पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देश दिए। प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने किया। वित्त सचिव डॉ. पंकज शर्मा ने आभार जताया। संजीव जोली, अंशु शर्मा, विरेश वार्ष्णेय, हनी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, ज्योति खुराना, प्रमिला गुप्ता, केवी अग्रवाल, हिमांशु छाबड़ा, विनय गुप्ता, रवि देव शर्मा, राकेश पांडे मौजूद रहे।




प्रांतीय कार्यशाला में बोलते क्षेत्रीय महासचिव राजीव गोयल व मंचासीन अतिथि।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार